सार-समाचार

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारी

ब्यावर (निसं)। भारत के यशस्वी लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अजमेर आगमन पर कार्यक्रम की तैयारी व कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु आज विधायक कार्यालय पर सम्पत सांखला पूर्व उप महापौर के सानिध्य में बैठक का आयोजन रखा गया जिसमें निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया ,प्रधान गणपत सिंह रावत , सरपंच संघ के महिपाल सिंह ,रविन्द्र जॉय,पार्षद वेदराज भाटी,मनोज राज तंवर,गोपाल सिंह रावत,हंसराज शर्मा,नेनु देवड़ा,अनिल भोजक ,सम्पत जांगिड़, अंगद राम अजमेरा, ईश्वर तंवर,मनीष मेहता,किशोर सिंह रावत,छात्रसंघ अध्यक्ष गजनेद्र सिंह रावत,व समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

अरड़का में क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित

अजमेर, (निसं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चाचियावास, अजमेर द्वारा आजीविका संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत अरड़का में एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता डाला बाई महिला समूह की सचिव लक्ष्मी ने की तथा कार्यक्रम संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक के निर्देशन में संपन्न हुआ। आजीविका समन्वयक सोनू ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण में लगभग 26 महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कृष्णा महिला समूह, डाला बाई महिला समूह और सुगना महिला समूह की सदस्यों सहित अन्य महिलाओं ने भी प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को वित्तीय सेवाओं, आय-उत्पादक गतिविधियों तथा विभिन्न आजीविका अवसरों की जानकारी दी गई। स्वयं सहायता समूह समन्वयक सज्जन सिंह ने बताया कि महिलाओं को छोटी-छोटी बचत के माध्यम से लेन-देन और लेखा-जोखा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे बैंकिंग प्रणाली से जुड़ सकें। भविष्य में उन्हें बैंक ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार गतिविधियों के संचालन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मासिक बैठकों के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी दी गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना और श्रमिक कार्ड योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और आवेदन प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही जन्म प्रमाण पत्र, जनआधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज तैयार कराने तथा जनसुनवाई में भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया गया। संस्था का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है

अंतरराज्यीय कृषक भ्रमण दल रवाना

अजमेर, (निसं)। कृषि विभाग की आत्मा योजना के अंतर्गत अजमेर जिले के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल सात दिवसीय अंतरराज्यीय कृषक भ्रमण पर सोमवार को रवाना हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में विकसित नवीन तकनीकों और अनुसंधान को किसानों तक पहुंचाना है, ताकि वे आधुनिक खेती पद्धितयों को अपनाकर उत्पादन एवं आय में वृद्धि कर सकें। जिले की विभिन्न पंचायत समितियों से चयनित प्रगतिशील कृषकों को भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र राजसमंद, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, केवीके बडगांव, एआरएसएस-केवीके प्रतापगढ़, केवीके चित्तौड़गढ़ तथा केवीके भीलवाड़ा सहित विभिन्न संस्थानों एवं प्रगतिशील कृषकों के खेतों का अवलोकन कराया जाएगा। भ्रमण के दौरान किसान उन्नत बीज किस्मों, जल एवं मृदा संरक्षण तकनीकों, संतुलित उर्वरक और कीटनाशी उपयोग, समेकित खेती प्रणाली, जैविक खेती, संरक्षित खेती, उद्यानिकी, डेयरी एवं पशुपालन से संबंधित व्यावहारिक जानकारियां प्राप्त करेंगे। कृषक दल को कृषि विभाग की उप निदेशक एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा उषा चितारा ने भ्रमण प्रभारी रामेश्वर लाल गेना तथा सह प्रभारी जुगराज भैरा के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप परियोजना निदेशक पूजा दौतानियाँ भी उपस्थित रहीं।

'शाम-ए-ग़ज़ल' में गूंजे सुरों के रंग

अजमेर(निसं)। इंडिया इंटरनेशनल म्यूजिक लवर्स सोसायटी (इल्मस) द्वारा द्वितीय शाम-ए-ग़ज़ल कार्यक्रम का आयोजन एक स्थानीय भोजनालय में किया गया, जिसमें 27 गायकों ने दिग्गज फनकारों की ग़ज़लों को स्वर देकर वातावरण को सुरमय बना दिया। मुख्य संरक्षक डॉ. लाल थदानी ने बताया कि कार्यक्रम में सदस्यों नेपंकज उधास,गुलाम अली,सलमा आगा,मोहम्मद रफी,जगजीत सिंह,चित्रा सिंह,आशा भोंसले,तलत महमूदतथाहरि हरनकी प्रसिद्ध ग़ज़लें प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। होश वालों को खबर क्या, हंगामा क्यूँ बरपा, होठों से छू लो तुम, तुम इतना जो मुस्कुरा रही हो और कोई फ़रियाद जैसी कालजयी रचनाओं पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। मोहन मिश्रा, दीपक भार्गव, युधिष्ठिर चौहान, सुरेंद्र उदावत, देवी सिंह, हेम वर्मा, संजीव शर्मा, जैकलीन, श्याम-अर्चना पारीक, मुकेश कोली, डॉ. दीपा, डॉ. लाल थदानी, रविंद्र माथुर, नवीन भार्गव, दिव्या गोपालानी, डॉ. अभिषेक माथुर, अनिल और आलोक वर्मा ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। अंत में होली के गीतों पर सामूहिक गायन-नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ फागोत्सव मनाया गया।

मोनिका भक्ता को पी.एच.डी. की उपाधि

भीलवाड़ा(निसं)। संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा में आयोजित 12वें दीक्षांत समारोह में माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े (राज्यपाल, राजस्थान) की गरिमामयी उपस्थिति में, स्वर्गीय विनोद भक्ता एवं श्रीमती पूर्णिमा भक्ता की सुपुत्री तथा आदित्य कुशवाहा की धर्मपत्नी, भीलवाड़ा की डॉ. मोनिका भक्ता को विधि संकाय के अंतर्गत ''एन एनालिटिकल स्टडी ऑन एग्जिस्टिंग जस्टिस डिलीवरी सिस्टम ऑफ इंडिया, रीसेंट ट्रेंड्स एंड मॉडर्न ज्यूरिस्प्रूडेंशियल एप्रोच - अ कम्पेरेटिव स्टडी विथ यूके एंड सिंगापुर'' विषय पर शोध कार्य हेतु डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एच.डी.) की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. मोनिका भक्ता द्वारा प्रस्तुत शोध में भारत की न्याय वितरण प्रणाली, समकालीन विधिक प्रवृत्तियों तथा आधुनिक न्यायशास्त्रीय दृष्टिकोण का विश्लेषण करते हुए यूनाइटेड किंगडम एवं सिंगापुर की न्याय प्रणाली के साथ तुलनात्मक अध्ययन किया गया है, जो विधि क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अकादमिक योगदान माना जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

हनुमंत कथा में उपमुख्यमंत्री की सहभागिता, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का अभिनंदन

अजमेर, (निसं)। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को तीर्थराज पुष्कर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा में सहभागिता कर धार्मिक आयोजन को नई गरिमा प्रदान की। कथा स्थल पर पहुंचने पर उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सुप्रसिद्ध कथा वाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आत्मीय अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

उप मुख्यमंत्री ने विधि-विधान के साथ संत का सत्कार करते हुए कहा कि संत समाज राष्ट्र की नैतिक और आध्यात्मिक शक्ति का आधार है। संतों के मार्गदर्शन में ही समाज में नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रभावना का सुदृढ़ संवर्धन संभव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब भौतिकता की दौड़ तेज हो रही है, ऐसे में आध्यात्मिक आयोजनों का महत्व और भी बढ़ जाता है। हनुमंत कथा जैसे

तीर्थराज पुष्कर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा आयोजित हुई।

कार्यक्रम समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि पुष्कर की पावन धरा का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व संपूर्ण विश्व में मान्य है। जगत पिता ब्रह्मा की तपोस्थली होने के कारण पुष्कर को तीर्थराज का दर्जा प्राप्त है। यहां स्थित पवित्र सरोवर और मंदिरों की श्रृंखला श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। इस पावन स्थल पर आयोजित हनुमंत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आस्था के पुनर्जागरण का महोत्सव है।

उप मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि कथा के माध्यम से भगवान हनुमान की भक्ति, सेवा और समर्पण का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करते हैं तथा युवा पीढ़ी को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने का आव्हान किया।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कथा स्थल पर भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ कथा का रसास्वादन किया और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

अजमेर, (निसं)। पर्यावरण संरक्षण और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इस वर्ष होली पर होलिका दहन में गौकाष्ठ के अधिकाधिक उपयोग की अपील की गई है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नवीन परिहार ने बताया कि गौशालाओं में संरक्षित गोवंश से प्राप्त गोउत्पाद न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी हैं, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण का भी सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

उन्होंने कहा कि परंपरागत लकड़ियों के स्थान पर गोबर से निर्मित गौकाष्ठ का उपयोग करने से वृक्षों की कटाई पर अंकुश लगेगा और वातावरण को प्रदूषण से राहत मिलेगी। गौकाष्ठ के प्रयोग से होलिका दहन का आध्यात्मिक महत्व भी बढ़ेगा तथा प्रकृति संरक्षण का संदेश समाज में प्रसारित होगा।

गौपालन विभाग द्वारा जिले की दो गौशालाओं: मदनेश गौशाला तथा श्री तिजारती गौशाला - को गौकाष्ठ निर्माण के लिए चयनित किया गया है। इन गौशालाओं में गौकाष्ठ मशीन उपलब्ध करवाई गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर गौकाष्ठ का निर्माण किया जा सके। विभाग ने सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजन से अपील की है कि वे होली पर गौकाष्ठ का अधिकाधिक उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें।

विश्वकर्मा अंशदायी पेंशन योजना पर विधानसभा में गरजी भदेल

■ हजारों श्रमिकों के हक की उठाई आवाज

अजमेर(निसं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने राजस्थान विधानसभा के 16वें कार्यकाल के पांचवें सत्र में वर्ष 2007 में प्रारम्भ की गई विश्वकर्मा अंशदायी पेंशन योजना से जुड़े हजारों श्रमिकों का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना के तहत श्रमिक द्वारा जमा की गई अंशदान राशि के बराबर योगदान सरकार को देना था तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लगभग तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन का प्रावधान था। भदेल ने देवदत्त राजोरिया के प्रकरण का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने वर्षों तक नियमित अंशदान जमा कराया और वर्ष 2022 में 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद पेंशन की उम्मीद की, किन्तु विभाग द्वारा योजना लागू न मानते हुए लाभ देने से इंकार किया जा रहा है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि यदि योजना वर्ष 2011 में बंद कर दी गई थी तो 2022 तक अंशदान किस आधार पर लिया जाता रहा।

मंत्री ने उत्तर में बताया कि योजना वर्ष 2011 में बंद कर दी गई थी तथा 51,790 श्रमिकों को नेशनल पेंशन सिस्टम स्वावलंबन योजना से जोड़ने का विकल्प दिया गया था, जिनमें से 17,122 ने विकल्प स्वीकार किया।

एफएसएल का भौतिक अनुभाग अजमेर में खोलने की मांग: विधायक भदेल ने विधानसभा में अजमेर में फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के भौतिक अनुभाग की स्थापना की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वैज्ञानिक साक्ष्यों की जांच के लिए नमूनों को अन्य शहरों में भेजना पड़ता है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में विलंब होता है। अजमेर में अनुभाग खुलने से जांच कार्य में तेजी आएगी।

वन भूमि मामलों में प्रक्रिया सरलीकरण पर जोर: भदेल ने वन भूमि संरक्षण, अतिक्रमण हटाने और विकास कार्यों में आ रही जटिल प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लंबी अनुमति प्रक्रिया के कारण विकास कार्य प्रभावित होते हैं। पारदर्शी और सरल व्यवस्था से पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन संभव है।

उच्च शिक्षा के मुद्दे भी उठाए: विधायक ने महाविद्यालयों में रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी सदन का ध्यान आकर्षित किया।

अजयमेरू प्रेस क्लब में नेहरू बनाम पटेल पर रोचक वाद-संवाद

अजमेर(निसं)। अजयमेरु प्रेस क्लब में देश के प्रथम प्रधानमंत्री के चयन को लेकर नेहरू क्यों, पटेल क्यों नहीं विषय पर संवाद आयोजित किया गया। वरिष्ठ अभिभाषक सत्य किशोर सक्सेना ने जवाहरलाल नेहरू के पक्ष में तथा वेद माथुर ने वल्लभभाई पटेल के समर्थन में विचार रखे। सक्सेना ने कहा कि महात्मा गांधी का विश्वास नेहरू के साथ था और परिस्थितियों को देखते हुए उनका चयन दूरदर्शिता पूर्ण था। उन्होंने कश्मीर नीति और पंचवर्षीय योजनाओं को देश के विकास की आधारशिला बताया।

वेद माथुर ने कहा कि 1946 में कांग्रेस कार्यसमितियों का बहुमत पटेल के पक्ष में था, फिर भी गांधी के हस्तक्षेप से नेहरू को नेता चुना गया। उन्होंने इसे अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि पटेल अधिक दृढ़ प्रशासक थे और हैदराबाद, जूनागढ़ व कश्मीर के विलय में उनकी निर्णायक भूमिका रही।

खुशियों की बौछार के बीच संपन्न हुआ क्लब अध्यक्ष-सचिव समागम

अजमेर(निसं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई-2 के समस्त क्लब अध्यक्ष एवं सचिवों का समागम तथा तृतीय प्रांतीय मंत्रिमंडल बैठक 22 फरवरी को मध्यप्रदेश के मंदसौर स्थित मधुर मिलन रिसॉर्ट में प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग की अध्यक्षता में आओ खुशियां बांटें विषय पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन लायंस क्लब मंदसौर के आतिथ्य में हुआ, जिसमें प्रांत भर से पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। जिला मुख्य मीडिया समन्वयक लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व बहु-परिषद अध्यक्ष एवं उप क्षेत्र प्रशिक्षण क्षेत्रीय नेतृत्वकर्ता लायन कुलभूषण मित्तल ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संस्था की सफलता की कहानी उसके अध्यक्ष और सचिव लिखते हैं। यदि वे सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की भावनाओं को समझते हुए उन्हें साथ लेकर चलें तो संस्था अपने उद्देश्य और लक्ष्यों को सहजता से प्राप्त कर सकती है। मंदसौर क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में 150 से अधिक क्लबों के अध्यक्ष-सचिव उपस्थित रहे। इसके साथ ही सभी संभागीय अध्यक्ष और क्षेत्रीय अध्यक्षों की भी उपस्थिति रही। क्लब सचिव लायन डॉ. विक्रम भावसर ने बताया कि 350 से अधिक पंजीकृत हुए और आपसी सौहार्द एवं भ्रातृत्व की भावना को सुदृढ़ करने का यह एक उत्कृष्ट अवसर बना। संयोजक लायन डॉ. प्रदीप चेलावत ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में विभिन्न सामाजिक सेवा गतिविधियों, प्रशासनिक विषयों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रांतीय सचिव लायन अशोक जैन ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा सह कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय का विस्तृत विवरण रखा। प्रतियोगिता नियम अध्यक्ष लायन अंशु बंसल, वस्तु एवं सेवा कर प्रभारी लायन आशीष माथुर, सदस्यता वृद्धि संयोजक लायन राजेश शर्मा, प्रशिक्षण प्रभारी लायन जितेंद्र मित्तल, नेतृत्व प्रशिक्षण संयोजक लायन मंजुला जैन तथा लियो संयोजक लायन कविता मिंडा ने अपनी-अपनी रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत की।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम KAVITA से बदलकर KAVITA ALWANI रख लिया है भविष्य में सभी उद्देश्यों हेतु इसी नाम से जाना पहचाना जावे। पता-5-natraj colony foysagar road ajmer, अजमेर।

आम सूचना

मेरी माताजी गीता पत्नी जगदीश वैष्णव निवासी ग्राम टिहरी पंचायत डींडवाडा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 23 अक्टूबर 2005 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र पूर्व में नहीं बनाया, अतः इस सम्बंध किसी व्यक्ति को उजर, एतराज अथवा आप्पति हो तो तहसीलदार, किशनगढ़ के समक्ष मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर संपर्क करे। प्रार्थी-हरीश वैष्णव पुत्र जगदीश

ज्वैलर्स ने बंद रखे प्रतिष्ठान, प्रशासन से मांगी सुरक्षा और स्पष्ट गाइडलाइन

■ सर्राफा बाजार में सन्नाटाः भावों की मार और कानून की धार से व्यापारी आहत

नसीराबाद, (निसं)। सोने-चांदी की कीमतों में रोजाना हो रहे उतार-चढ़ाव ने नसीराबाद के सर्राफा बाजार की रफ्तार थाम दी है। बढ़ते और घटते भावों की अस्थिरता से जहां ग्राहक और दुकानदार के बीच तकरार की स्थिति बन रही है, वहीं दूसरी ओर कानून की सख्ती ने व्यापारियों की चिंता और बढ़ा दी है। सर्राफा एवं स्वर्णकार व्यापार संघ का कहना है कि वे पहले ही बेहद कम मार्जिन पर कारोबार कर रहे हैं। ऐसे में कीमतों की अनिश्चितता से लाभ की गुंजाइश और कम हो गई है। व्यापारियों के सामने सबसे बड़ी समस्या तब खड़ी होती है जब वे किसी ग्राहक से सोने-चांदी के आभूषण खरीदते हैं या गिरवी रखते हैं और बाद में वही सामान चोरी का साबित हो जाता है। ऐसी स्थिति में पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 411 के तहत कार्रवाई कर व्यापारी को थाने लाकर पूछताछ की जाती है। व्यापारियों का कहना है कि अनजाने में हुई इस खरीद के बावजूद उन्हें अपराधी की तरह देखा जाता है, जिससे न केवल आर्थिक नुकसान होता है बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी आंच आती है।

इन्हीं मुद्दों को लेकर सोमवार को नसीराबाद के सर्राफा बाजार में एकजुटता दिखाई दी। सभी सोने-चांदी के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव को ज्ञापन सौंपकर उचित दिशा-निर्देश एवं सुरक्षा की मांग की। व्यापारियों ने आग्रह किया कि अनजाने में खरीदे गए चोरी के माल के मामलों में स्पष्ट प्रक्रिया तय की जाए, ताकि निर्दोष व्यापारी अनावश्यक कार्रवाई से बच सकें। उपखंड अधिकारी यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले पर गंभीरता से विचार कर संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान लालू सोनी, पंकज जैन, पवन सोनी, गोविन्द सोनी, सुशील सोनी, बाबुलाल सोनी, कमल कुमार जैन, दिलीप सोनी, सौरभ गढ़वाल, जगदीश सोनी, चन्द्रशेखर सोनी, राहुल गोयल, सत्यप्रकाश, नितेश, अक्षय, राजकुमार, कमल किशोर, महेन्द्र प्रजापत, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र, भरत, जितेन्द्र, अरुण, कमल, संगम मराठा और अरविंद सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

मसूदा ब्लॉक में आशा सहयोगिनियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

■ मानदेय बढ़ोतरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

मसूदा, (निसं)। मसूदा ब्लॉक क्षेत्र की सैकड़ों आशा सहयोगिनियों ने लंबित मांगों के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। विभिन्न ग्राम पंचायतों से आई आशा सहयोगिनियां एकत्रित होकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचीं और अपनी समस्याओं के समर्थन में नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार और हड़ताल की घोषणा की।

ज्ञापन में वर्ष 2026-27 के राज्य बजट में उनकी मांगों को शामिल करने की अपील की गई है। आशा सहयोगिनियों ने कहा कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना घर-घर सर्वे, टीकाकरण, मरीजों की पहचान और जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए। उस समय उन्हें कोरोना योद्धा कहकर सम्मानित किया गया, लेकिन वर्तमान में उनकी मूलभूत मांगों की अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि अत्यंत कम मानदेय और अनियमित भुगतान के कारण परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है।

प्रदर्शनकारी आशा सहयोगिनियों ने बताया कि वे वर्षों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, पोषण अभियान तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद उन्हें स्थायी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया है और न ही सामाजिक सुरक्षा संबंधी पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि ब्यावर जिले सहित प्रदेशभर में इस मुद्दे को लेकर असंतोष व्याप्त है। पूर्व में भी कई बार जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, किंतु अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। प्रदेश की लगभग 50 हजार आशा सहयोगिनियां अपनी मांगों को लेकर लामबंद हैं।

1008 चन्द्रप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व श्रद्धा से मनाया

अजमेर(निसं)। भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा अजमेर के तत्वावधान में 1008 चन्द्रप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। आनंद नगर स्थित 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में प्रातः जिनेन्द्र अभिषेक और वृहद शांतिधारा का आयोजन किया गया।

पूजन-अर्चन के बाद निर्वाण कांड का पाठ कर मोदक अर्पित किए गए। डॉ. राजकुमार गोधा के मुखारविंद से अभिषेक सम्पन्न हुआ। वक्ताओं ने बताया कि चन्द्रप्रभु भगवान को सम्मेद शिखर से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। सायंकाल 108 दीपकों से संगीतमय महाआरती, भक्तामर पाठ और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

'लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मिले मजबूती'

■ विधायक कोठारी ने विधानसभा में उठाई पत्रकारों के हक की आवाज

भीलवाड़ा(निसं)। राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी मीडिया जगत की सुरक्षा और कल्याण का मुद्दा पूरी प्रखरता के साथ उठाया। सदन में पर्ची के माध्यम से अपनी बात रखते हुए विधायक कोठारी ने कहा कि पत्रकार सरकार और जनता के मध्य एक सेतु की तरह कार्य करते हैं। वे न केवल सरकारी नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाते हैं, बल्कि सरकार के अच्छे कार्यों की प्रशंसा के साथ-साथ उसकी त्रुटियों पर आइना दिखाकर व्यवस्था को सुदृढ़ भी करते हैं। कोठारी ने जोर देकर कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण वर्ग की समस्याओं का समाधान करना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। सुरक्षा और आवास पत्रकारिता की बुनियादी जरूरत : विधायक कोठारी ने अपनी मांगों में सबसे ऊपर पत्रकारों की शारीरिक और सामाजिक सुरक्षा को रखा। उन्होंने सरकार से आठाह किया कि फील्ड में काम करने वाले पत्रकारों के लिए पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट को अविलंब लागू किया जाए ताकि वे बिना किसी भय के निर्भीक पत्रकारिता कर सकें। इसके साथ ही, उन्होंने प्रदेश के हर शहर में पत्रकार कॉलोनी विकसित करने का सुझाव दिया। जिससे बरसों से किराये के मकानों में रह रहे भूखंड विहीन पत्रकारों को रियायती दर पर जमीन आवंटित हो सके। लघु समाचार पत्रों की आर्थिक मजबूती और विज्ञापन नीति में बदलाव : समाचार पत्रों, विशेषकर जिला स्तरीय और लघु समाचार पत्रों की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए विधायक ने विज्ञापन दरों में तत्काल वृद्धि की मांग की। उन्होंने विज्ञापन जारी करने की वर्तमान जटिल प्रक्रिया में सुधार का सुझाव देते हुए कहा कि सजावटी और वर्गीकृत विज्ञापनों में कॉलम सेंटीमीटर और वर्ग सेंटीमीटर की विसंगति को समाप्त कर एकरूपता लाई जाए।

पूर्व मुख्यमंत्री राजे व केंद्रीय राज्यमंत्री ने बालाजी मूर्ति का अनावरण किया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। मां भारती रक्षा मंच संस्थान व सनातन परिवार की और से मयूरा सिटी स्थापित बालाजी धाम में बालाजी की 41 फिट उंची मूर्ति का अनावरण पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी द्वारा किया गया।पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने कहा कलयुग में बजरंग बली को भगवान शंकर का अवतार माना जाता है।

हनुमान सरीखा दास दुनिया में अन्यत्र नहीं है। भगवान श्रीराम की सेवा करना, राम के लिए सब कुछ करना ही उनका ध्येय रहा।केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार पर जोर देते हुए कहा की हिंदू धर्म में भारतीय संस्कृति में संस्कारों से ओतप्रोत शिक्षा बच्चों को दी जाती है, जिसके फलस्वरूप भारत की दुनिया भर में अलग पहचान है। विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य बल्लभगढ़ ने हनुमान महिमा को विस्तार से बताया।समताराम महाराज पुष्कर ने कहा कि हम सब एक बने, नेक बने और संगठित होकर गौ माता की सेवा करें। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर पवन दास, परशुराम, फतेहगीरी, घनश्याम दास, निरंजन नाथ, वासुदेव व अवधेश दास आदि संतो ने विचार व्यक्त किये। समाजसेवी आनंदीलाल भरतीया, विजय अग्रवाल, ओमप्रकाश कालिका, मुरलीधर अग्रवाल, सूर्यप्रकाश शर्मा, श्याम मनोहर पाठक, बाबू महनोत, मंच संरक्षक लक्ष्मीनारायण सोनगरा, अध्यक्ष डॉ. विनय सिंह चौहान, रमेश गहलोत, विष्णुदत्त शर्मा, गोवर्धन सिंह तित्यारी, धीरज सैनी, विशेष कुमावत, मनोज आर्य, पवन जोशी, अशोक शर्मा, स्वयंसेवक संघ जयपुर वरिष्ठ प्रचारक जुगल किशोर, राजवीर सिंह, तुलसी नारायण, विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मार्गदर्शक बाबा निरंजन नाथ, मां भारती महिला रक्षा मंच से सरोज शर्मा, बिंदु सोमानी, कुसुम कोठारी, नीतू बल्दुआ, डॉ मंजू राठी, डॉ सविता कश्यप, सुषमा परिहार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व केंद्रीय राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी उपस्थित रहे।

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.), अजमेर

tdr.ajmer@rajasthan.gov.in — सार्वजनिक सूचना — tdrajmer@gmail.com

क्रमांक : भू०अ०/135-2/2026/1144 — दिनांक-18.02.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री रमजान खान चीता पुत्र अलादीन चीता जाति चीता निवासी ग्राम सोमलपुर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम सोमलपुर के वर्किंग खाता संख्या 3,325,315, 337, 332,336 के कुल किता 11 में अंकित हिस्सेनुसार खातेदार अपने पिता श्री अलादीन चीता पुत्र घीसा निवासी ग्राम सोमलपुर की मृत्यु 19.03.2025 को होना बताते हुए उनके द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 18.10.2023 को अन्तिम मानते हुए उनके आधार पर उक्त वसीयतनामें के अनुसार नामान्तरकरण किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो विवरण सहित इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पर कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी तथा विधि सम्मत आदेश पारित कर दिया जायेगा। सूचित रहे।

-तहसीलदार, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक